# सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली 2023/2025
# (सितंबर 2025 में सेकेंडरी 1 में प्रवेश के लिए)
# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## केन्द्रीय आवंटन प्रणाली

**(1) प्र केंद्रीय आवंटन (CA) के लिए मानदंड क्या हैं?**

उ CA छात्र के आवंटन बैंड, माता- पिता की स्कूलों में पसंद; तथा यादृच्छिक संख्या पर आधारित है। CA की आवंटन प्रक्रियाओं के लिए माता-पिता -अप्रैल 2025 की शुरुआत से शिक्षा ब्यूरो (EDB) द्वारा वितरित "केंद्रीय आवंटन पर माता- पिता के लिए नोट" का संदर्भ ले सकते हैं।

**(2) प्र केंद्रीय आवंटन (CA) के तहत स्कूल स्थान कैसे आवंटित किए जाते हैं?**

उ पुनरावर्तक और विवेकाधीन स्थानों की कटौती के बाद, एक सेकेंडरी विद्यालय के शेष स्थानों का उपयोग CA के लिए किया जाता है। CA स्थानों में से, लगभग 10% अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैं और माता-पिता किसी भी जिलों से तीन से अधिक स्कूलों (अपने बच्चों से सम्बंधित स्कूल नेट सहित) का चयन नहीं कर सकते हैं, जबकि शेष 90% CA स्थान प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैं। माता-पिता अपने बच्चों के स्कूल नेट में से अधिकतम 30 स्कूलों का चयन कर सकते हैं। स्कूल स्थानों के आवंटन की प्रक्रिया में, सभी छात्रों के भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" को पहले संसाधित किया जाएगा, उसके बाद उनके भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" की बारी आएगी।

**(3) प्र CA के लिए कंप्यूटर आवंटन कार्यविधि क्या है?**

उ भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" को पहले संसाधित किया जाएगा। भाग A में सभी छात्रों के स्कूल विकल्पों को संसाधित करने के बाद ही, कंप्यूटर भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" की प्रक्रिया शुरू करेगा।

भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" को संसाधित करते हुए, कंप्यूटर पहले टेरिटरी बैंड 1 में छात्रों को उनके स्कूल विकल्पों की प्राथमिकता के क्रम अनुसार स्कूल स्थानों का आवंटन करेगा। इन सभी छात्रों के स्कूल विकल्पों की स्क्रीनिंग होने के बाद, कंप्यूटर टेरिटरी बैंड 2 में और अंत में टेरिटरी बैंड 3 के छात्रों के स्कूल विकल्पों को संसाधित करने में यही समान प्रक्रिया दोहराएगा। जो छात्र भाग A में स्थान पाने में सफल हो जाते हैं उन्हें भाग B में स्थान आवंटन नहीं किया जाएगा। यदि किसी छात्र/छात्रा को उसके स्कूल विकल्पों के समाप्त हो जाने की बाद भी भाग A में स्थान आवंटित नहीं हुआ है, उस छात्र/छात्रा को भाग B में स्थान आवंटन किया जाएगा।

भाग B में “प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों” को संसाधित करते हुए, कंप्यूटर पहले नेट बैंड 1 में छात्रों को उनके स्कूल विकल्पों की प्राथमिकता के क्रम अनुसार स्कूल स्थानों का आवंटन करेगा। यदि नेट बैंड 1 में किसी छात्र/छात्रा को उसके सभी स्कूल विकल्पों के समाप्त हो जाने के बाद भी कोई स्थान आवंटित नहीं किया जा सका है, तो कंप्यूटर उस छात्र/छात्रा को स्कूल नेट में शेष स्थानों में से एक स्थान आवंटित करेगा।[1] नेट बैंड 1 में सभी छात्रों को स्कूल स्थान आवंटित करने के बाद, कंप्यूटर नेट बैंड 2 में छात्रों के स्कूल के विकल्प और आखिरकार नेट बैंड 3 में छात्रों के स्कूल विकल्पों को संसाधित करने के लिए उसी प्रक्रिया का पालन करेगा।

अगर अभिवावकों ने एक सेकंडरी स्कूल चुना है जो अंततः इस आवंटन चक्र में सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली के तहत सेकंडरी 1 (S1) स्थानों की पेशकश नहीं करते, तो उस स्कूल विकल्प को संसाधित नहीं किया जाएगा[2]।

**(4) प्र यादृच्छिक संख्या किस लिए उपयोग की जाती है?**

उ केंद्रीय आवंटन प्रोग्राम रन करने से पहले कंप्यूटर द्वारा यादृच्छिक संख्या जेनरेट की जाती है। इसका उपयोग समान आवंटन बैंड के भीतर छात्रों के आवंटन के क्रम को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। यदि किसी निश्चित सेकेंडरी स्कूल के स्कूल स्थानों की मांग आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो उसी आवंटन बैंड के भीतर कम यादृच्छिक संख्या वाले छात्र को पहले स्थान आवंटित किया जाएगा। यादृच्छिक संख्या का “स्टूडेंट रेफेरेंस नंबर” या छात्र के व्यक्तिगत डेटा से कोई संबंध नहीं है। आवंटन प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक छात्र को केवल एक ही यादृच्छिक संख्या दी जाएगी। आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के बाद यादृच्छिक संख्या को बरकरार नहीं रखा जाएगा।

[1] प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना वाले स्कूलों और इस टिप्पणी वाले स्कूलों को छोड़कर कि "छात्रों को इस स्कूल में तब तक आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि उन्होंने इसे अपनी पसंद में शामिल नहीं किया हो"।

[2] आवंटन प्रक्रिया के दौरान, कम्प्यूटर सम्बंधित स्कूल चयन (चयनों) को छोड़ देगा और बाद के स्कूल चयनों (यदि कोई है) को सेकेंडरी स्कूलों के एक चयन फॉर्म (चॉइस फॉर्म) में आगे बढ़ा देगा।

**<u>केंद्रीय आवंटन में च्वाइस-मेकिंग अभ्यास</u>**

**(5) प्र अभिभावकों को CA के लिए विकल्प-चुनाव दस्तावेज़ कब प्राप्त होंगे और "सेकेंडरी वन च्वाइस ऑफ़ स्कूल्स फार्म" (च्वाइस फार्म) को** भरने **की अंतिम तिथि क्या है?**

उ प्राथमिक 6 (P6) छात्रों के माता-पिता जिन्होंने इस चक्र में eSSPA के माध्यम से DP आवेदन जमा किए हैं, उन्हें eSSPA के माध्यम से CA आवेदन जमा करना होगा और उन्हें कागज़ का विकल्प फ़ॉर्म नहीं मिलेगा।

P**6** छात्रों के माता-पिता जिन्होंने इस चक्र में eSSPA के माध्यम से DP आवेदन जमा नहीं किए हैं, उन्हें कागज़ का विकल्प फ़ॉर्म मिलेगा। वे eSSPA के माध्यम से या कागज़ के रूप में CA आवेदन जमा करने का निर्णय ले सकते हैं।

वर्तमान चक्र के P6 में भाग लेने वाले छात्रों के अभिभावकों को च्वाइस फॉर्म और संबंधित विकल्प-चुनाव दस्तावेज़ उनके बच्चों के प्राथमिक स्कूलों के माध्यम से अप्रैल 2025 की शुरुआत में प्राप्त होंगे।

अभिवावकों को भरे हुए च्वाइस फॉर्म उनके बच्चों के प्राथमिक स्कूलों के माध्यम से मई 2025 की शुरुआत तक EDB को वापिस करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक सबमिशन के लिए, अभिवावकों को eSSPA उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत करना होगा और अपने खाते को पहले से ही "iAM Smart +"[3] के साथ जोड़ना होगा, और 9 अप्रैल 2025 और 6 मई 2025 के बीच eSSPA के माध्यम से उपस्थित प्राथमिक विद्यालय में CA आवेदन जमा करना होगा। माता-पिता को eSSPA के माध्यम से और एक ही बच्चे के लिए कागजी रूप में डुप्लिकेट आवेदन जमा नहीं करना चाहिए। eSSPA खाता निर्माण और लॉगिन प्रक्रियाओं के लिए, कृपया संबंधित वीडियो और EDB के होमपेज पर अपलोड किए गए पेरेंट्स गाइड देखें (www.edb.gov.hk) (चुनिए: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System > Digitalisation of S1 Admission)।

**(6) प्र च्वाइस फार्म को भरते समय माता-पिता को ध्यान में क्या रखना चाहिए?**

उ माता-पिता को पुरजोर सलाह दी जाती है कि वे स्कूलों के सभी पहलुओं पर विचार करें, जैसे कि स्कूल के शैक्षिक दर्शन, परंपरा, धर्म, वर्ग संरचना, विकास और संचालन, और उनके बच्चों की विशेषताएँ, व्यक्तित्व, योग्यताएँ और रुचियों पर विचार करना चाहिए ताकि एक उपयुक्त स्कूल का चुनाव किया जा सके।

[3] "iAM Smart+" के पंजीकरण के विवरण के लिये कृपया "iAM Smart" होम पेज (https://www.iamsmart.gov.hk) देखें (चुनें: Home > "iAM Smart" Registration > Registration Methods)

च्वाइस फॉर्म को भाग A और भाग B में विभाजित किया गया है। भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" के लिए, माता-पिता किसी भी स्कूल नेट से अधिकतम तीन सेकंडरी स्कूल चुन सकते हैं, उनके बच्चों के अपने स्कूल नेट में दिए स्कूलों सहित। भाग B प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए, अभिवावकों को अपनी वरीयता के क्रम में उनके बच्चों से संबंधित स्कूल नेट से स्कूलों को भरना चाहिए और जहां तक संभव हो 30 विकल्पों को भरें। उन्होंने भाग A में जिन सेकंडरी स्कूलों को इंगित किया है, यदि वे भी उनके बच्चों के स्कूल नेट में स्थित हैं, तो वे इन स्कूलों को भाग B में शामिल कर सकते हैं। हालांकि, माता-पिता को एक ही हिस्से में एक ही स्कूल का बार-बार चयन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे उनके बच्चों को इन स्कूलों में आवंटित किए जाने की संभावना में वृद्धि नहीं होगी।

माता- पिता, जब भाग A में च्वाइस फार्म को भरते हैं, तो उन्हें स्कूल कोड पर ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैंडबुक" में छपे हुए कोड से मेल खाता हो। चूंकि भाग A में स्कूल विकल्प स्कूल नेट द्वारा प्रतिबंधित नहीं हैं, भले ही माता-पिता गलती से एक गलत स्कूल कोड (अर्थात् अपने पसंदीदा स्कूल के बजाय दूसरे स्कूल का स्कूल कोड) दर्ज कर दें, फिर भी कंप्यूटर स्कूल के विकल्प को तदनुसार संसाधित करेगा, संभावित रूप से इसका परिणाम होगा उनके बच्चे को उस स्कूल में आवंटित किया जा रहा है। अभिभावकों को च्वाइस फार्म के भाग B में भरने के दौरान छात्र से संबंधित स्कूल नेट की "सेकेंडरी स्कूल सूची" में छपे हुए स्कूल कोड्स का संदर्भ देना चाहिए। माता-पिता को स्कूल कोड सावधानीपूर्वक भरना चाहिए और अमान्य प्रविष्टियों को संसाधित नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, अगर माता- पिता ने ऐसा सेकेंडरी स्कूल चुना है जो इस आवंटन चक्र में SSPA सिस्टम के तहत S1 स्थानों की पेशकश नहीं करता, तो उस स्कूल विकल्प को संसाधित नहीं किया जाएगा।


आवंटन प्रक्रिया के दौरान, पहले कंप्यूटर भाग A में स्कूल विकल्पों को संसाधित करेगा, और फिर भाग B में स्कूल विकल्पों को संसाधित करेगा। इसलिए, भाग A में स्कूल स्थान पाने वाले छात्र को भाग B में स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा। अतः माता-पिता को उन स्कूलों को भरना चाहिए जो वे भाग A में सबसे अधिक पसंद करते हैं। चूँकि भाग B में स्कूल के स्थानों का अधिक प्रावधान है और छात्रों को उस में स्कूल स्थान आवंटित किए जाने की संभावना अधिक है, माता- पिता को "सेकंडरी स्कूल सूची" में दिए गए अधिक से अधिक स्कूलों को भरने की कोशिश करनी चाहिए ताकि उनके बच्चों को उनकी पसंद का स्कूल स्थान आवंटित होने की संभावना ज्यादा हो सके।

**(7) प्र क्या CA स्टेज में भाग लेने वाले सभी छात्रों के अभिवावकों के लिए च्वाइस फॉर्म भरना आवश्यक है?**

उ छात्रों ने किसी भाग लेने वाले सेकंडरी स्कूल (जॉकी क्लब Ti-I कॉलेज सहित) में DP के लिए चाहे आवेदन किया है या ना किया हो, उन्हें भरे हुए चॉइस फॉर्म मई 2025 की शुरुआत तक

प्राइमरी स्कूलों को eSSPA अथवा कागजी रूप में EDB को वापिस करना होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि यदि वे इन स्कूलों में अपने आवेदन में सफल नहीं हुए हैं, तब भी उन्हें CA में S1 स्थान आवंटित किया जाएगा।

वह छात्र जिनको भाग लेने वाले स्कूलों द्वारा सफल DP आवेदक के रूप में सूचित किया गया है, या जॉकी क्लब टी-आई कॉलेज या SSPA प्रणाली में भाग नहीं लेने वाले डायरेक्ट स्बसिडी वाले सेकेंडरी स्कूल (NDSS सेकेंडरी स्कूल) द्वारा एडमिट किया गया है उन्हें "केंद्रीय आवंटन के लिए आवेदन" पेज पर अपनी जानकारी भरनी होगी जिससे उन्हें संपर्क किया जा सके, फिर भाग ऐ और भाग बी में स्कूल चयन के भागों को छोड़ने के लिए "सेकेंडरी वन चॉइस ऑफ स्कूल्स फॉर्म में स्कूल का चयन नहीं करना' विकल्प चुनें (कृपया निम्न आकृति का सन्दर्भ लें), और डिजिटल रूप से "iAM Smart+" का हस्ताक्षर कर के चॉइस फॉर्म की पुष्टि करके eSSPA के माध्यम से जमा करना होगा।


Apply for Central Allocation

Make school choices on the Secondary One Choice of Schools Form

Do NOT need to make school choices on the Secondary One Choice of Schools Form as the child has been notified as successful Discretionary Places applicant or admitted by Direct Subsidy Scheme secondary schools not participating in the SSPA System (i.e. give up participating in Central Allocation)

Do NOT need to be allocated a subsidised S1 place through the SSPA System (i.e. give up participating in the SSPA System)

कागजी चॉइस फॉर्म जमा करने वाले अभिभावकों के लिए, कृपया विकल्प फॉर्म पर "स्कूल चुनने की आवश्यकता नहीं है" का चयन करें, स्कूल विकल्पों वाले भागों को काट दें, और संपर्क जानकारी भरने के बाद विकल्प फॉर्म पर हस्ताक्षर करें ताकि यह संकेत मिले कि उन्हें स्कूल का विकल्प चुनने की आवश्यकता नहीं है (कृपया नीचे दिए गए आरेख को देखें)।



請在以下其中一個空格內填上 √ 號： Please tick one of the boxes below:

☐ 需要填寫選校部分（請填寫本表格甲部及乙部的學校選擇）
Make school choices (Please fill in the school choices in Part A and Part B on this form)

☑ 不需要填寫選校部分，因學生已獲參加派位中學通知為自行分配學位正取學生，或已獲賽馬會體藝中學或不參加派位的直接資助計劃中學錄取（即放棄參加統一派位）
Do NOT need to make school choices as the student has been notified as successful Discretionary Places applicant, or has been admitted by Jockey Club Ti-I College or Direct Subsidy Scheme secondary schools not participating in the Secondary School Places Allocation System (i.e. give up participating in Central Allocation)

☐ 不需要透過中學學位分配辦法獲分配資助中一學位（例如學生將於中國內地升學）（即放棄參加派位）
Do NOT need to be allocated a subsidised Secondary 1 place through the Secondary School Places Allocation System (for example, the student will study in Mainland China) (i.e. give up participating in the Secondary School Places Allocation System)

甲部 Part A 不受學校網限制的學校選擇 Unrestricted School Choices
任何學校網的學校，包括學生所屬學校網。請參閱《不受學校網限制選校手冊》，並依選擇的優先次序填上學校編號。電腦會先處理甲部的學校選擇。
ANY school nets, including the student's school net. Please refer to the "Handbook for Unrestricted School Choices" and enter below the School Codes in order of preference. The school choices in Part A will be processed first.

| 第一選擇 First Choice | 第二選擇 Second Choice | 第三選擇 Third Choice |
|---|---|---|
| 學校編號 School Code | 學校編號 School Code | 學校編號 School Code |

乙部 Part B 按學校網的學校選擇 Restricted School Choices

學生所屬學校網 Student's School Net: HK2

請參閱學生所屬學校網的《中學一覽表》，並依選擇的優先次序填上網內的學校編號。學生如未獲分配甲部選填的學校，電腦便會處理乙部的學校選擇。
Please refer to the "Secondary School List" and enter below the School Codes within student's school net in order of preference. The school choices in Part B will be processed if students are not allocated school places in Part A.

| 選擇次序 Order of Preference | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |


本人聲明，表內所選填的學校為本人閱讀《統一派位家長須知》後自願填寫的。I certify that I have read the "Notes for Parents on Central Allocation" and I have made the above choices at my own will.

本人同意教育局透過電話短訊形式(SMS)通知學生的派位結果予本人。本人可接收 SMS 的手提電話號碼已填寫在右邊的方格內（如不同意接收 SMS 請留空此方格）。Consent is given for the Education Bureau to inform me of the allocation results of the student via SMS message. My mobile phone number which can receive SMS is provided in the box on the right (please leave the box blank if you do not wish to receive SMS). 9876 XXXX

家長/監護人簽署 Signature of Parent/Guardian: Chan T M
聯絡電話 Contact Tel. No.: 9876 XXXX
日期 Date: XX/XX/2025
家長/監護人姓名（請用正楷填寫）Name of Parent/Guardian (In BLOCK Letters): Chan Tai Man
住址 Home Address: Flat XX, XX Floor, XX Building, XX Road, HK

EDB 140 SO 307

अगर छात्र को SSPA सिस्टम के माध्यम से एक रियायती S1 स्थान आवंटित करने की आवश्यकता **नहीं है**, (उदाहरण के लिए, छात्र को चीन में पढाई करनी है) और उसने SSPA सिस्टम में भाग नहीं लेने का निर्णय किया है, तो अभिभावक को eSSPA पर "केंद्रीय आवंटन के लिए आवेदन करें" पृष्ठ पर अपनी संपर्क जानकारी भरनी होगी, फिर भाग A और भाग B में स्कूल चयन के भागों को छोड़ने के लिए "SSPA सिस्टम के माध्यम से एक रियायती एस 1 स्थान के आवंटन की आवश्यकता नहीं है" का चयन करना होगा (कृपया निम्न आकृति का सन्दर्भ लें), और डिजिटल रूप से "iAM Smart+" का हस्ताक्षर कर के चॉइस फॉर्म की पुष्टि करके eSSPA के माध्यम से जमा करना होगा।




कागजी चॉइस फॉर्म जमा करने वाले अभिभावकों के लिए, कृपया " SSPA सिस्टम के माध्यम से सब्सिडी वाले S1 स्थान आवंटित करने की आवश्यकता नहीं है" का चयन

करें, स्कूल विकल्पों पर भागों को काट दें, और CA में भाग न लेने के इरादे को इंगित करने के लिए संपर्क जानकारी भरने के बाद चॉइस फॉर्म पर हस्ताक्षर करें (कृपया नीचे दिए गए चित्र को देखें)।



請在以下其中一個空格內填上 √ 號： Please tick one of the boxes below:

☐ 需要填寫選校部分（請填寫本表格甲部及乙部的學校選擇）
Make school choices (Please fill in the school choices in Part A and Part B on this form)

☐ 不需要填寫選校部分，因學生已獲參加派位中學通知為自行分配學位正取學生，或已獲賽馬會體藝中學或不參加派位的直接資助計劃中學錄取（即放棄參加統一派位）
Do NOT need to make school choices as the student has been notified as successful Discretionary Places applicant, or has been admitted by Jockey Club Ti-I College or Direct Subsidy Scheme secondary schools not participating in the Secondary School Places Allocation System (i.e. give up participating in Central Allocation)

☑ 不需要透過中學學位分配辦法獲分配資助中一學位（例如學生將於中國內地升學）（即放棄參加派位）
Do NOT need to be allocated a subsidised Secondary 1 place through the Secondary School Places Allocation System (for example, the student will study in Mainland China) (i.e. give up participating in the Secondary School Places Allocation System)

甲部 Part A 不受學校網限制的學校選擇 Unrestricted School Choices

任何學校網的學校，包括學生所屬學校網。請參閱《不受學校網限制選校手冊》，並依選擇的優先次序填上學校編號。電腦會先處理甲部的學校選擇。

ANY school nets, including the student's school net. Please refer to the "Handbook for Unrestricted School Choices" and enter below the School Codes in order of preference. The school choices in Part A will be processed first.

| 第一選擇 First Choice | 第二選擇 Second Choice | 第三選擇 Third Choice |
| --- | --- | --- |
| 學校編號 School Code | 學校編號 School Code | 學校編號 School Code |

乙部 Part B 按學校網的學校選擇 Restricted School Choices

學生所屬學校網 Student's School Net: HK2

請參閱學生所屬學校網的《中學一覽表》，並依選擇的優先次序填上網內的學校編號。學生如未獲分配甲部選填的學校，電腦便會處理乙部的學校選擇。

Please refer to the "Secondary School List" and enter below the School Codes within student's school net in order of preference. The school choices in Part B will be processed if students are not allocated school places in Part A.

| 選擇次序 Order of Preference | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |

本人聲明，表內所選填的學校為本人閱讀《統一派位家長須知》後自願填寫的。I certify that I have read the "Notes for Parents on Central Allocation" and I have made the above choices at my own will.

本人同意教育局透過電話短訊形式(SMS)通知學生的派位結果予本人。本人可接收 SMS 的手提電話號碼已填寫在右邊的方格內（如不同意接收 SMS 請留空此方格）。Consent is given for the Education Bureau to inform me of the allocation results of the student via SMS message. My mobile phone number which can receive SMS is provided in the box on the right (please leave the box blank if you do not wish to receive SMS). 9876 XXXX

家長/監護人簽署 Signature of Parent/Guardian: Chan T M

聯絡電話 Contact Tel. No.: 9876 XXXX

日期 Date: XX/XX/2025

家長/監護人姓名（請用正楷填寫）Name of Parent/Guardian (In BLOCK Letters): Chan Tai Man

住址 Home Address: Flat XX, XX Floor, XX Building, XX Road, HK

EDB 140 SO 307

यदि अभिभावक “स्कूल को चुनें” का चयन करते हैं, परंतु स्कूल चयन नहीं करते हैं, और छात्रों को विवेकाधीन चरण में स्थान आवंटित नहीं हुआ हैं या उन्हें 'जॉकी क्लब Ti-I कालेज' या गैर प्रतिभागी NDSS सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया है तो छात्रों को स्थापित आवंटन यांत्रिकी के अनुसार स्कूल स्थान आवंटित कर दिया जाएगा।

**(8) प्र माता- पिता को अपने बच्चों के लिए स्कूल के विकल्प कैसे बनाने चाहिए?**

उ स्कूल का चयन करने से पहले, अभिभावकों को "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैंडबुक", उस स्कूल नेट की "सेकेंडरी स्कूल सूची" का अध्ययन करना चाहिए, जिससे छात्र संबंधित हैं और "केंद्रीय आवंटन पर माता-पिता के लिए नोट्स" पढ़ लेने चाहिए और स्कूल की टिप्पणी (टिप्पणियों), यदि कोई है, पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें "सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली 2023/2025 चक्र" पर EDB के होमपेज (https://www.edb.gov.hk) (चुनें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System), पर अपलोड किये गए वीडियोज को भी देखना चाहिए और उन्हें अपने बच्चों के प्राथमिक विद्यालयों से सलाह लेनी चाहिए। इसके बाद, अभिभावक अपने बच्चों की विशेषताएँ, व्यक्तित्व, योग्यताएँ और रुचियों के आधार पर, अधिकतम तीन स्कूलों का चयन करें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चुनकर चॉइस फॉर्म के भाग ए में दर्ज करें। फिर, अभिभावकों को "सेकेंडरी स्कूल सूची" से स्कूल चुनने चाहिए, उन्हें अपनी पसंद के अनुसार चॉइस फॉर्म के भाग बी में दर्ज करअधिकतम 30 तक विकल्प भरने की कोशिश करनी चाहिए। CA में, भाग A में स्कूल विकल्प, अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प, भाग B, प्रतिबंधित स्कूल विकल्प से पहले संसाधित किए जाएंगे। दूसरे शब्दों में, भाग A के तहत एक छात्र को स्कूल आवंटित कर दिया जाता है तो भाग बी के तहत उसके द्वारा चुने गए स्कूल विकल्पों को संसाधित नहीं किया जाएगा। इसकी बजाय,, अगर एक छात्र को भाग A में स्थान नहीं दिया जाता है, तो उसके द्वारा चुने गए स्कूल विकल्पों को भाग B के तहत संसाधित किया जाएगा।

**(9) प्र माता-पिता उन माध्यमिक विद्यालयों के बारे में अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें वे चुनना चाहते हैं?**

उ माता-पिता "सेकेंडरी स्कूल प्रोफ़ाइल 2024/2025" को देख सकते हैं जो गृह विद्यालय सहयोग समिति द्वारा संकलित किया गया था और दिसंबर 2024 में माता- पिता को वितरित किया गया था। माता-पिता "सेकेंडरी स्कूल प्रोफ़ाइल" के वेब संस्करण के लिंक के माध्यम से सेकेंडरी स्कूलों की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्कूल की वेबसाइट भी देख सकते हैं (https://www.chsc.hk/secondary/en) स्कूल की जानकारी, स्कूल का नाम, पता, दूरभाष संख्या, वित्त प्रकार, उपलब्ध स्कूल स्थानों की नियोजित संख्या आदि सहित, "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प के लिए हस्त पुस्तिका" (हस्त पुस्तिका) और "सेकेंडरी स्कूल सूची" में शामिल किया गया है। उपरोक्त दोनों दस्तावेज़ EDB की वेबसाइट पर भी डाल दिए गए हैं (https://www.edb.gov.hk) (चुनिए: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System)। माता-पिता स्वचालित पूछताछ प्रणाली (टेलीफोन नंबर: 2891 0088) द्वारा प्रदान की गई फैक्स सेवा का भी उपयोग कर सकते हैं (2 दबाएं (अंग्रेजी) > 5 (फैक्स सेवाएं) > 04 (सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली: स्कूल सूचियां))

पुस्तिका में से जानकारी प्राप्त करने के लिए। माता-पिता उपरोक्त दस्तावेजों में दिखाए गए अनुसार टेलीफोन नंबर का हवाला देकर सीधे स्कूल से पूछताछ कर सकते हैं।

**(10) प्र क्या माता- पिता दूसरे छात्र की " सेकेंडरी स्कूल सूची " का उल्लेख कर सकते हैं?**

उ माता-पिता को ऐसा करने से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि हांग कांग में 18 स्कूल नेट हैं, जिनमें से प्रत्येक में अलग-अलग स्कूलों के विकल्प शामिल हैं। दूसरे छात्र की "सेकेंडरी स्कूल सूची" एक अलग स्कूल नेट की हो सकती है और लागू नहीं होती है।

**(11) प्र यदि माता- पिता अपने बच्चों के प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक परिणामों संदर्भ लेना चाहते हैं, तो स्कूल चुनते समय उन्हें किस बात पर ध्यान देना चाहिए?**

उ स्कूल का च्यन करने का संदर्भ लेने के लिए माता-पिता अपने बच्चों के शैक्षणिक परिणामों के लिए प्राथमिक विद्यालयों से परामर्श कर सकते हैं।

मौजूदा तंत्र के तहत, SSPA में भाग लेने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों द्वारा प्राथमिक 5 (P5) के अंत में और वर्ष के मध्य में तथा P6 के अंत में अपने छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन (IA) परिणाम प्रस्तुत करने के बाद, कंप्यूटर स्कूल के प्री-सेकेंडरी वन हांग कांग अटेनमेंट टेस्ट (Pre -S1 HKAT) के सैंपल परिणामों के औसत को स्केलिंग टूल के रूप में उपयोग करके IA परिणामों को समायोजित करेगा। केंद्रीय आवंटन कंप्यूटर प्रोग्राम क्षेत्र में और व्यक्तिगत स्कूल नेट के भीतर भाग लेने वाले छात्रों की संख्या को अंतिम रूप दिए जाने के बाद चलेगा। इसलिए, छात्रों के क्षेत्र बैंड और नेट बैंड का निर्धारण केवल तभी किया जा सकता है जब कंप्यूटर आवंटन प्रक्रिया शुरू हो। दूसरे शब्दों में, केवल उनके अंकों/योग्यता क्रम और उसी स्कूल के पिछले समूहों के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत छात्रों के आवंटन बैंड का सटीक अनुमान लगाना असंभव है। छात्रों का वास्तविक आवंटन बैंड स्कूलों या अभिभावकों द्वारा किए गए अनुमानों से भिन्न हो सकता है। प्रासंगिक स्कूल विकल्प जानकारी का संदर्भ देते समय अभिभावकों को विवेकपूर्ण होना चाहिए।

स्केलिंग तंत्र और आवंटन बैंड पर स्पष्टीकरण के लिए, कृपया EDB होमपेज पर अपलोड किए गए संबंधित वीडियो को देखें। (चुनें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System > Video on the Secondary School Places Allocation (SSPA) System 2023/2025 Cycle)

स्केलिंग तंत्र और आवंटन बैंड पर वीडियो

**(12) प्र क्या माता- पिता को अपने पसंदीदा स्कूल के रूप में कई सेकेंडरी स्कूलों में भरना चाहिए?**

उ माता-पिता को भाग A में तीन अलग-अलग स्कूलों और भाग B में अधिकतम 30 अलग-अलग स्कूलों को भरना चाहिए। कुछ पसंदीदा स्कूल विकल्पों में भरने या एक ही हिस्से में अलग-अलग प्राथमिकताओं में समान विकल्पों को दोहराने से उनकी इन स्कूलों को आवंटित किए जाने की संभावना में वृद्धि नहीं होगी। इसके विपरीत, यह उनके बच्चों को उनकी पसंद के बाहर के स्कूलों में आवंटित किए जाने की संभावना को बढ़ा सकती है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि CA में, भाग A में स्कूल विकल्प, अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प, भाग B, प्रतिबंधित स्कूल विकल्प से पहले संसाधित किए जाएंगे। इसलिए, माता-पिता को केवल भाग A में अपनी उच्च वरीयता वाले स्कूलों को भरना चाहिए। हालांकि, चूंकि भाग B में स्कूलों की संख्या अधिक है और छात्रों को भाग B में स्कूल स्थान आवंटित करने की अधिक संभावना होगी, इसलिए माता-पिता को प्रयास करना चाहिए जहां तक संभव हो, भाग B में 30 विकल्प भरें ताकि उनके बच्चों को उनकी पसंद के स्कूल आवंटित किए जाने का अधिक अवसर मिल सके।

**(13) प्र क्या माता-पिता पसंद के भाग A और भाग B में DP चरण में स्कूल के एक/दो विकल्पों के रूप में उस स्कूल (स्कूलों) को चुन सकते हैं, जिसके लिए उन्होंने आवेदन जमा किया है?**

उ स्कूलों को चुनने में, अगर स्कूल DP स्टेज में आवेदन किए छात्र के स्कूल नेट में हैं और माता- पिता अभी भी अपने बच्चों को स्कूलों को आवंटित करने की इच्छा रखते हैं, तो वे अपने च्वाइस फार्म के भाग A और भाग B में स्कूलों को शामिल कर सकते हैं।

हालांकि, अगर उन्होंने DP चरण में जिस स्कूल (स्कूलों) के लिए आवेदन किया है, वह उनके स्कूल नेट से संबंधित नहीं है, तो माता-पिता को उन्हें पसंद फॉर्म के भाग A में ही चुनना चाहिए, और स्कूल की पसंद की प्राथमिकता माता-पिता के अपने विवेक पर है।

**(14) प्र यदि माता- पिता भाग A “अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों” में कोई स्कूल विकल्प नहीं चुनते हैं और सिर्फ भाग B, “प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों” में स्कूल विकल्प चुनते हैं, तो क्या उनके बच्चों को उच्च प्राथमिकता पर भाग B के तहत चुने गए स्कूलों को आवंटित किया जाएगा?**

उ नहीं। आवंटन प्रक्रिया के अनुसार, भाग A में स्कूल विकल्प, “अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प”, भाग B, “प्रतिबंधित स्कूल विकल्प” में स्कूल विकल्प से पहले संसाधित किए जाएँगे। भाग A में “अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों” को संसाधित करने में, कंप्यूटर पहले टेरिटरी बैंड 1 के छात्रों के स्कूल विकल्पों को स्क्रीन करेगा, फिर टेरिटरी बैंड 2 के छात्रों के स्कूल विकल्पों को और अंत में टेरिटरी बैंड 3 के छात्रों के स्कूल विकल्पों को स्क्रीन करेगा। सभी छात्रों के भाग A में स्कूल विकल्पों को संसाधित किए जाने के बाद ही कंप्यूटर भाग B में स्कूल विकल्पों को संसाधित करेगा। भाग B में “प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों” को संसाधित करने में, कंप्यूटर सबसे पहले नेट बैंड 1 के छात्रों के स्कूल विकल्पों की जांच करेगा जब तक कि उन सभी को स्कूल स्थान आवंटित नहीं हो जाते। फिर कंप्यूटर नेट बैंड 2 के छात्रों की स्कूल पसंद की जांच करेगा और अंत में, उसी प्रक्रिया के साथ नेट बैंड 3 के छात्रों की स्कूल पसंद की जांच करेगा।

अगर माता-पिता भाग A, “अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प” में कोई स्कूल विकल्प नहीं चुनते हैं, और केवल भाग B, “प्रतिबंधित स्कूल विक”ल्प में स्कूल विकल्प चुनते हैं, तो उनके बच्चे भाग A में पसंदीदा स्कूल मे आवंटित होने का अवसर खो देंगें।

**(15) प्र यदि माता पिता SMS के माध्यम से छात्रों के आवंटन परिणाम प्राप्त करने के लिए सहमत होते हैं, तो उन्हें च्वाइस फार्म पर कैसे इंगित करना चाहिए? क्या छात्रों को अभी भी अपने वर्तमान प्राथमिक स्कूलों से अपने आवंटन के परिणाम लेने की आवश्यकता है?**

उ EDB इस चक्र (यानी 8 जुलाई 2025) के आवंटन परिणामों की घोषणा के दिन सुबह 10 बजे से SMS संदेशों के माध्यम से माता-पिता को उनके बच्चों के आवंटन परिणामों के बारे में क्रमिक रूप से सूचित करेगा। संबंधित SMS प्राप्त करने के इच्छुक माता-पिता, मोबाइल फोन पर इन SMS को पाने की उनकी सहमति को दर्शाने के लिए, जिस पर SMS प्राप्त हो सके, अपना वो मोबाइल नंबर च्वाइस फ़ार्म पर निर्दिष्ट बॉक्स में दे सकते हैं इसके अलावा, eSSPA उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत माता-पिता इस चक्र के आवंटन परिणामों की घोषणा के दिन सुबह 10 बजे से eSSPA के माध्यम से आवंटन परिणाम देख सकते हैं। छात्रों को उनके वर्तमान प्राथमिक स्कूलों से आवंटन नतीजे प्राप्त करने के साथ - साथ आवंटन परिणामों की घोषणा से सम्बन्धित अन्य प्रबंधन व्यवस्थाएं, अपरिवर्तित रहेंगी।

**<u>आवंटन बैंड</u>**

**(16) प्र छात्रों के स्कूल के आंतरिक मूल्यांकन (IA) के परिणाम कैसे मापे जाते हैं?**

उ SSPA 2023/2025 में CA के लिए, 2018 और 2024 के Pre-S1 HKAT के नमूना परिणामों का औसत स्कूल के स्केलिंग टूल के रूप में उपयोग किया जाता है। यदि किसी स्कूल (जैसे कि नए भाग लेने वाले स्कूल) के पास 2018 या 2024 में Pre-S1 HKAT परिणाम नहीं है, तो उसी वर्ष स्कूल के नेट के भीतर सभी भाग लेने वाले प्राथमिक स्कूलों के समग्र Pre-S1 HKAT परिणामों को स्केलिंग टूल के रूप में उपयोग किया जाएगा।

**(17) प्र आवंटन बैंड कैसे निर्धारित किए जाते हैं? इसे किसके लिए प्रयोग किया जाता है?**

उ छात्रों को उनके आवंटित आंतरिक मूल्यांकन (IA) परिणामों के अनुसार उनका आवंटन बैंड मिलता है। छात्रों के IA परिणाम P5 के अंत में, और दोनों वर्ष के मध्य में और P6 के अंत में मानकीकृत किए जाएंगे, और स्कूल के Pre-S1 HKAT 2018 और 2024 के नमूना परिणामों के औसत स्केल से बढ़ाए जाएंगे। उन स्कूलों के लिए जिनके पास Pre-S1 HKAT 2018 या 2024 (उदाहरण के लिए नए भाग लेने वाला स्कूल) के नमूना परिणाम नहीं हैं, उसी वर्ष में स्कूल नेट में सभी भाग लेने वाले प्राथमिक स्कूलों केसमग्र Pre-S**1** HKAT परिणामों का उपयोग किया जाएगा।

CA के भाग A अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प में स्कूल स्थानों के आवंटन के लिए, क्षेत्र में सभी छात्रों के स्केल किए गए अंकों को योग्यता के क्रम में रखा जाएगा। तब छात्रों को समान रूप से तीन क्षेत्र बैंड में विभाजित किया जाएगा, प्रत्येक में क्षेत्र में प्राथमिक स्कूल के छात्रों की कुल संख्या का एक-तिहाई होता है। CAके भाग B प्रतिबंधित स्कूल विकल्प में स्कूल स्थानों के आवंटन के संबंध में, एक ही स्कूल नेट के भीतर सभी छात्रों के स्केल किए गए अंकों को मेरिट के क्रम में रखा जाएगा। तब छात्रों को समान रूप से तीन नेट बैंड में विभाजित किया जाएगा, प्रत्येक में नेट में प्राथमिक स्कूल के छात्रों की कुल संख्या का एक-तिहाई होती है।

जबकि टेरिटरी बैंड और नेट बैंड का उपयोग क्रमशः CA के भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" और CA के भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" के लिए एक छात्र के आवंटन के क्रम को निर्धारित करने के लिए किया जाता है**,** वे P6 के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का आकलन करने के लिए पूर्ण मानक नहीं हैं। आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के बाद**,** व्यक्तिगत छात्रों का आवंटन बैंड बरकरार नहीं रखा जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि मौजूदा प्रणाली के तहत**,** SSPA में भाग लेने वाले सभी प्राथमिक स्कूलों द्वारा P**5** के अंत में और वर्ष के मध्य में तथा P**6** के अंत में अपने छात्रों के IA परिणाम प्रस्तुत करने के बाद**,** कंप्यूटर उपरोक्त स्केलिंग प्रणाली द्वारा IA

परिणामों को समायोजित करेगा। केंद्रीय आवंटन कंप्यूटर कार्यक्रम क्षेत्र में और व्यक्तिगत स्कूल नेट के भीतर भाग लेने वाले छात्रों की संख्या को अंतिम रूप दिए जाने के बाद चलेगा। इसलिए, छात्रों के क्षेत्र बैंड और नेट बैंड का निर्धारण केवल तभी किया जा सकता है जब कंप्यूटर आवंटन प्रक्रिया शुरू हो। दूसरे शब्दों में, केवल उनके अंकों/योग्यता के क्रम और उसी स्कूल के पिछले समूहों के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत छात्रों के आवंटन बैंड का सटीक अनुमान लगाना असंभव है। छात्रों का वास्तविक आवंटन बैंड स्कूलों या अभिभावकों द्वारा किए गए अनुमानों से भिन्न हो सकता है। अभिभावकों को संबंधित स्कूल विकल्पों की जानकारी का संदर्भ लेते समय विवेकपूर्ण होना चाहिए।

स्केलिंग मैकेनिज्म और आवंटन बैंड पर स्पष्टीकरण के लिए, कृपया EDB होमपेज पर अपलोड किए गए संबंधित वीडियो को देखें। (चुनें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System > Video on the Secondary School Places Allocation (SSPA) System 2023/2025 Cycle)

स्केलिंग मैकेनिज्म और आवंटन बैंड पर वीडियो

**(18)** **प्र** **क्या किसी छात्र का क्षेत्र बैंड उसके / उसकी नेट बैंड से अलग होगा?**

उ एक छात्र द्वारा अपने प्राथमिक विद्यालय में प्राप्त किए गए स्केल-अंकों की तुलना उस क्षेत्र के छात्रों के स्केल-अंकों के साथ की जाएगी, जिससे वह क्षेत्र बैंड निर्धारित कर सके। इसी तरह, एक छात्र द्वारा उसके प्राथमिक स्कूल में प्राप्त किए गए स्केल-अंकों की तुलना उस क्षेत्र के छात्रों के स्केल-अंकों के साथ की जाएगी, जिससे उनका नेट बैंड निर्धारित किया जा सके। दूसरे शब्दों में, एक छात्र का टेरिटरी बैंड और उनका नेट बैंड अलग हो सकता है।

**(19) प्र यदि किसी छात्र को क्रॉस-नेट आवंटन के लिए अनुमोदित किया जाता है, तो नए स्कूल नेट में उनका नेट बैंड कैसे निर्धारित किया जाता है? क्या उसके टेरिटरी बैंड में कोई बदलाव होगा?**

उ क्रॉस-नेट आवंटन के लिए स्वीकृत एक छात्र के लिए, उनके मूल स्कूल नेट में स्कूल में प्राप्त किए गए स्केल किए गए अंकों की तुलना नए स्कूल नेट में छात्रों के स्केल किए गए अंकों के साथ की जाएगी ताकि उनके नेट बैंड का निर्धारण किया जा सके। दूसरे शब्दों में, नए स्कूल नेट में छात्र का नेट बैंड उसके मूल स्कूल नेट से अलग हो सकता है। जहां तक छात्र के टेरिटरी बैंड का सवाल है, क्रॉस-नेट आवंटन के अप्रूवल के कारण इसे नहीं बदला जाएगा।

**(20) प्र क्या भाग लेने वाले प्राथमिक स्कूलो को अभी भी उन छात्रों के IA परिणाम प्रस्तुत करने की आवश्यकता है जिन्हें उनके आवंटन बैंड के निर्धारण के लिए सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित किया गया है?**

उ अधिसूचना व्यवस्थाओ के तहत, मौजूदा SSPA तंत्र अपरिवर्तित रहता है। भाग लेने वाले प्राथमिक स्कूल को अभी भी P5 के अंत में, मध्य-वर्ष में और P6 के अंत में सभी छात्रों के लिए IA परिणाम प्रस्तुत करने की आवश्यकता है (उन लोगों के सहित जिन्हें भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल द्वारा सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित किया गया है या जो NDSS सेकेंडरी स्कूल द्वारा भर्ती किए गए हैं)। CA चरण में, क्षेत्र/एक ही स्कूल नेट में भाग लेने वाले सभी छात्रों के स्केल किए गए अंकों को एक कंप्यूटर द्वारा मेरिट के क्रम में रखा जाएगा। तब छात्रों को समान रूप से तीन क्षेत्र/नेट बैंड में विभाजित किया जाएगा, प्रत्येक क्षेत्र/समान स्कूल नेट में भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या का एक-तिहाई होता है। दूसरे शब्दों में, प्रत्येक बैंड में छात्रों की संख्या भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या द्वारा निर्धारित की जाती है, सभी भाग लेने वाले छात्रों के आवंटन बैंड (सफल DP आवेदकों के रूप में अधिसूचित सहित) उनके स्केल किए गए IA परिणामों के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे।

## <u>स्कूल नेट</u>

**(21) प्र स्कूल नेट क्या है? सेकेंडरी स्कूल नेट का सीमांकन कैसे किया जाता है?**

उ जिला प्रशासन की सीमाओं के अनुरूप, स्कूल स्थानों के आवंटन के लिए पूरे क्षेत्र को 18 सेकेंडरी स्कूल नेट में बांटा गया है क्योंकि भाग B में CA स्कूल नेट द्वारा किया जाता है। प्रत्येक स्कूल नेट में जिले में भौतिक रूप से स्थित सभी भाग लेने वाले प्राथमिक और सेकेंडरी स्कूलो और नेट के लिए स्कूलो के स्थान प्रदान करने वाले अन्य जिलों में विभिन्न प्रकार के सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। अन्य जिलों के सेकेंडरी स्कूलो और स्कूलो के स्थान साल-दर-साल भिन्न हो सकते है। मौजूदा नीति के अनुसार, उन छात्रों को छोड़कर जिनके क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन स्वीकृत हैं, सिद्धांत रूप में, जिस सेकेंडरी स्कूल का छात्र संबंधित है, वह उस प्राथमिक स्कूल के भौतिक स्थान द्वारा निर्धारित किया जाता है, जिसमें छात्र जाता है, न कि वह जिला जहां छात्र रहता है।

**(22) प्र स्कूल नेट की व्यवस्था कैसे की जाती है?**

उ क्षेत्र-व्यापी आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के S1 स्थानों के प्रावधान की योजना बनाई गई है। मांग को पूरा करने के लिए स्कूल स्थानों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए और कम संख्या में स्कूल स्थानों वाले जिलों में छात्रों को अधिक स्कूल विकल्प प्रदान करने के लिए, अन्य  जिलों से स्कूल स्थानों की नेटिंग एक लंबे समय से स्थापित व्यवस्था है जो हितधारकों की चिंताओं और ज़रूरतों को भी संबोधित कर सकती है। नेटिंग की व्यवस्था करते समय, EDB कई कारकों पर विचार करता है, जैसे कि अलग ज़िलों में स्कूल स्थानों की मांग और आपूर्ति, स्कूल के प्रकारों का वितरण, स्कूलों के स्थान और संबंधित परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ प्रत्येक जिले में स्कूल स्थानों की उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थापित नेटिंग पैटर्न और माता-पिता को अधिक विकल्प प्रदान करें। हम, SSPA समिति के परामर्श से, SSPA प्रणाली के तहत व्यवस्थाओं के संबंध में हितधारकों के विचारों पर उचित विचार करने के बाद संबंधित वर्ष की नेटिंग व्यवस्था तैयार करेंगे।

मांग और आपूर्ति की स्थिति के अनुसार अन्य जिलों से प्रदान किए जाने वाले सेकेंडरी स्कूल और स्कूल स्थानों की संख्या वर्ष-दर-वर्ष भिन्न हो सकती है।  संबंधित चक्र में नेटिंग व्यवस्था के लिए, माता-पिता को EDB द्वारा हर साल वितरित की जाने वाली सेकेंडरी स्कूल सूची का संदर्भ लेना चाहिए।

**(23) प्र** क्या DP चरण के बाद अप्रयुक्त स्कूल स्थानों की संख्या को CA के संबंधित दस्तावेजों में दिखाया जाएगा, जो अप्रैल में शुरू होता है, क्या उसे CA चरण में माता-पिता की पसंद के स्कूलों को सुविधाजनक बनाने के लिए अपडेट किया जाएगा?

उ DP स्तर पर, कुछ छात्र, दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलो से अपने सफल DP आवेदनों की

सूचना प्राप्त कर सकते हैं और अंततः उन्हें मौजूदा SSPA तंत्र के अनुसार उनकी पहली पसंद के स्कूलों को आवंटित किया जाएगा, जिसमें से एक स्कूल स्थान खाली होगा। इसके अलावा, कुछ सफल आवेदक उन्हें आवंटित DP को छोड़ सकते हैं और NDSS सेकेंडरी स्कूलों द्वारा प्रस्तावित स्थानों को स्वीकार कर सकते हैं। इन सफल DP आवेदकों को आवंटित स्थान भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मौजूदा SSPA तंत्र के तहत, कुछ छात्रों को आरक्षित आवेदकों की क्षमता में से इन अप्रयुक्त DP का आवंटन किया जा सकता है और बचे हुए स्थानों का उपयोग CA के लिए किया जाएगा। CA से संबंधित दस्तावेज़ों को माता-पिता को उनके संदर्भ के लिए अप्रैल में वितरण के लिए मार्च में प्रिंट किया जाना है । इसलिए, व्यस्त कार्यक्रम के कारण संबंधित स्कूल स्थानों की संख्या को अपडेट करना संभव नहीं है।

**(24)** **प्र** **क्या प्रत्येक स्कूल नेट में EMI स्कूल स्थानों की संख्या के लिए कोई विशेष नेटिंग व्यवस्था है?**

उ सेकेंडरी स्कूलों के लिए निर्देशों के माध्यम (MOI) को ठीक करने की व्यवस्था 2010/11 के स्कूल सत्र से लागू की गई है। स्कूलों को अब चीनी MOI का उपयोग करने वाले स्कूलों (“CMI स्कूल”) या अंग्रेजी MOI का उपयोग करने वाले स्कूलों (“EMI स्कूल”) में वर्गीकृत नहीं किया जाता है। छात्रों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए, स्कूलों में MOI विधियाँ अधिक विविध हो जायेंगीं, जिसमें CMI, अंग्रेजी में विस्तारित शिक्षण गतिविधियों के साथ CMI, विभिन्न विषयों में CMI/EMI और पूर्ण रूप से EMI समावेश शामिल हैं। अपने बच्चों के लिए स्कूल चुनते समय, माता-पिता को सलाह दी जाती है कि वे स्कूल के MOI पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि समग्र रूप से स्कूल के लोकाचार, विशेषताओं, अवलंब और संबंधित उपायों पर विचार करें और आकलन करें कि क्या स्कूल उनके बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को विकसित करने में मदद कर सकते हैं, और उनके व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। वर्षों से, स्कूल नेट की व्यवस्था करते समय, EDB ने संबंधित जिलों के स्कूल स्थानों की आपूर्ति और मांग, स्कूलों की जगह, परिवहन सुविधाओं, स्थापित नेटिंग स्वरूप और समान कारकों पर विचार किया है। स्कूलों द्वारा अपनाई गई MOI व्यवस्थाओं जैसे अन्य कारकों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(25)** **प्र** **"अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैंडबुक" और "सेकेंडरी स्कूल सूची" में सूचीबद्ध स्कूल स्थानों की संख्या में क्या अंतर है?**

उ चॉइस फॉर्म के भाग A अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों को भरते समय माता-पिता को "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्पों के लिए हैंडबुक" (हैंडबुक) को सन्दर्भ में रखना चाहिए। हैंडबुक में सूचीबद्ध "सभी नेट्स के लिए नियोजित स्थान" क्षेत्र के सभी छात्रों के लिए है और माता-पिता भाग A में किसी भी जिले में तीन से अधिक स्कूल नहीं चुन सकते हैं।

चॉइस फार्म के भाग B प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों में भरने के लिए, माता-पिता को "सेकेंडरी स्कूल सूची" को संदर्भ में रखना चाहिए। "सेकेंडरी स्कूल सूची" में दर्शाया गया "इस नेट के

लिए नियोजित S1 स्थान" सम्बंधित स्कूल नेट के छात्रों के लिए है। माता-पिता भाग B में छात्र के स्कूल नेट में अधिकतम 30 स्कूल चुन सकते हैं।

**(26) प्र क्या एक छात्र/छात्रा को उसके स्कूल-नेट में वह स्कूल आवंटित किया जाएगा, जो उसने नहीं चुना है?**

उ यदि किसी छात्र/छात्रा के सभी चुने हुए स्कूल विकल्प समाप्त होने के बाद एक भी स्थान आवंटित नहीं होता है, तो कंप्यूटर उसे स्थापित व्यवस्था के अंतर्गत उसके स्वयं के स्कूल नेट (डायरेक्ट सब्सिडी योजना वाले स्कूलों और उन स्कूलों को छोड़कर, जिनके बारे में टिप्पणी है कि "छात्रों को इस स्कूल में तब तक आवंटित नहीं किया जाएगा, जब तक कि उन्होंने इसे अपनी पसंद में शामिल नहीं किया है") के अन्य स्कूलों में शेष स्थानों में से एक स्थान आवंटित करेगा। इसलिए, माता-पिता को "सेकेंडरी स्कूल सूची" में प्रदान किए गए स्कूल विकल्पों में जहाँ तक संभव हो अधिक से अधिक स्कूलों को भरने का प्रयास करना चाहिए, ताकि उनके बच्चों को उनकी पसंद का स्कूल स्थान आवंटित किए जाने की संभावना बढ़ सके।

**(27) प्र क्या एक छात्र को दूसरे जिलों में एक स्कूल आवंटित किया जाएगा?**

उ निम्नलिखित परिस्थितियों में एक छात्र को अन्य जिलों में एक स्कूल आवंटित किया जाएगा:

(a) छात्र को दूसरे जिले में एक स्कूल द्वारा DP चरण में भर्ती कराया गया हो;
(b) छात्र को किसी अन्य जिले में, CA चरण में भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" से चुने हुए स्कूल स्थान को आवंटित
किया गया हो; या
(c) प्रत्येक स्कूल नेट में, माता-पिता को चुनने लिए, कुछ सेकेंडरी स्कूल जिले में स्थित हैं और कई सेकेंडरी स्कूल अन्य जिलों
में स्थित हैं। छात्रों को दूसरे जिले में एक सेकेंडरी स्कूल आवंटित किया जा सकता है जो उनके स्कूल नेट के लिए स्कूल स्थान प्रदान करता है।

**(28) प्र क्रॉस-नेट आवंटन क्या है?**

उ CA के भाग B के लिए स्कूल स्थानों का आवंटन स्कूल नेट द्वारा किया जाता है और स्कूल नेट जिससे छात्र सम्बद्ध होता है वह सैद्धांतिक रूप से उस प्राथमिक स्कूल का स्कूल नेट हो जिसमें वह जाता/जाती है। यदिकिसी छात्र को, विशेष कारणों से स्कूल नेट बदलने की वास्तविक आवश्यकता है, तो माता-पिता फरवरी 2025 के आखिरी से पहले क्रॉस-नेट आवंटन के लिए एक आवेदन, उस प्राथमिक स्कूल के माध्यम से जिसमें उनका बच्चा जाता है, प्रासंगिक प्रमाण दस्तावेजों के साथ EDB के पास जमा करवा सकते हैं। eSSPA

उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत और अपने खाते को "iAM Smart+" से जोड़ने वाले माता-पिता के लिए, कागजी आवेदन पत्र के अलावा, वे eSSPA के माध्यम से क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। माता-पिता को eSSPA के माध्यम से और एक ही बच्चे के लिए कागजी रूप में डुप्लिकेट आवेदन जमा नहीं करना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय आवेदन दस्तावेजों की सभी सत्यापित प्रतियों को आगे की प्रक्रिया के लिए EDB को भेजेगा। यदि छात्र को उस स्कूल नेट के लिए क्रॉस-नेट आवंटन के लिए अनुमोदित किया जाता है जो उसके हांग कांग आवासीय पते (यानी एक आवास स्थान जहाँ आवेदक छात्र रहता है और जो उसका एकमात्र या मुख्य घर है) से सम्बद्ध है, तो वह नए स्कूल नेट में CA के भाग B में भाग लेगा/लेगी।

**(29) प्र यदि किसी छात्र के माता-पिता क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो छात्र के आवासीय पते और प्रासंगिक प्रमाण पत्रों का ब्यौरा देते समय उन्हें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?**

उ माता-पिता को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि वर्तमान आवंटन चक्र में, आवेदन करने वाले छात्र का आवासीय पता हांग कांग में उसका एकमात्र या मुख्य निवास स्थान होना चाहिए, यानी वह निवास स्थान जहां आवेदक छात्र रहता है और जो उसका एकमात्र या मुख्य घर है। स्वीकार्य हांग कांग आवासीय प्रमाण पत्रों में मुद्रांकित किरायेदारी समझौता, दरों और/अथवा सरकारी किराये के लिए मांग पत्र, किरायेदारी समझौता अथवा किरायेदार का सरकारी आवास प्राधिकरण द्वारा जारी किराया पत्र, आवासीय टेलीफोन/घरेलू ब्रॉडबैंड बिल और विभिन्न जनसेवा कंपनियों जैसे टाउनगैस, पावर कंपनीयों के बिल, जल आपूर्ति विभाग आदि। अन्य दस्तावेज जैसे अदालत के सम्मन और टैक्स मांग नोट, बैंक के स्टेटमेंट और मोबाइल फ़ोन के बिल स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इसके अलावा, माता-पिता (अर्थात भरने वाले) का नाम और पता हांग कांग के आवासीय प्रमाण पत्र के दस्तावेज पर मुद्रित होना चाहिए।

**(30) प्र क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन से पहले यदि छात्रों ने एक या दो सेकेंडरी स्कूल में DP के लिए आवेदन किया है, और क्रॉस-नेट आवेदन के कारण अपना DP आवेदन निरस्त कर दिया है, तो क्या उनके माता-पिता को CA चरण में चॉइस फॉर्म भरना होगा?**

उ वर्तमान SSPA प्रकिया के अंतर्गत, छात्र अपने DP आवेदनों में से एक या दोनों को निरस्त कर सकते हैं, यदि उन्हें क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता है। यदि क्रॉस-नेट आवेदन के कारण उन्होंने एक या दोनों DP आवेदन निरस्त कर दिए है, अगर अधिसूचना व्यवस्था के अंतर्गत वे सफल आवेदकों के रूप में सूचित किये गए हो, तब भी सम्बंधित DP स्वतः निरस्त हो जायेगा। यदि क्रॉस-नेट आवेदन के कारण प्रतिभागी सेकेंडरी स्कूल द्वारा प्रस्तुत सभी DP निरस्त कर दिए गए हो, तो संबंधित माता-पिता को चॉइस-फॉर्म भरना होगा ताकि उनके बच्चे CA में भाग ले सकें। यदि सम्बंधित माता-पिता चॉइस-

फॉर्म में किसी स्कूल का चयन नहीं करते हैं और संबंधित छात्रों को किसी भी NDSS सेकेंडरी स्कूलों द्वारा स्कूल स्थान प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तब संबंधित छात्रों को स्थापित आवंटन प्रक्रिया के अनुसार स्कूल में स्थान आवंटित किया जायेगा।

**(31) प्र यदि कोई छात्र किसी अन्य स्कूल के नेट पर चला जाता है, लेकिन वह क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन करने का अवसर चूक जाता/जाती है, तो माता-पिता क्या कर सकते हैं?**

उ आम तौर पर, क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन की समय सीमा फरवरी अंत/मार्च की शुरुआत में होती है। यदि किसी छात्र ने क्रॉस-नेट आवंटन के लिए आवेदन नहीं किया है, तो वह मूल स्कूल नेट में CA में भाग लेगा/लेगी। यदि कोई छात्र अन्य किसी सेकेंडरी स्कूल में स्थानांतरण चाहता/चाहती है, तो आवंटन परिणाम घोषित होने के बाद पहले उसे आवंटित स्कूल में पंजीकरण कराना होगा। फिर वह अपने नए निवास स्थान के पास के अन्य सेकेंडरी स्कूल में जानकारी के लिए या प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता/सकती है। उसे स्कूल के सन्दर्भ के लिए जन्म प्रमाण-पत्र, आवंटन की पर्ची और अभी के स्कूल की रिपोर्ट की प्रतियां साथ लानी चाहिए। छात्र को प्रवेश मिलेगा अथवा नहीं यह सम्बंधित सेकेंडरी स्कूल के अधिकार में है।

**(32) प्र इस वर्ष और पिछले वर्ष की स्कूल नेटिंग व्यवस्था में क्या अंतर है?**

उ चूँकि वर्ष-दर-वर्ष P6 प्रतिभागिओं की संख्या में बदलाव होता है, विभिन्न वर्षों में किसी जिले के स्थानों की मांग बढ़ या घट सकती है और इसलिए स्कूल का चयन और तदनुसार अन्य जिलों से आवश्यक स्कूल स्थानों की संबंधित संख्या को आवश्यकतानुसार समायोजित करना होगा। आम तौर पर, अपने जिले में स्कूल स्थानों की किसी भी कमी को अन्य जिलों के स्कूलों द्वारा प्रदत्त स्कूल स्थानों से पूरा किया जायेगा। जब अपने जिले में स्कूल स्थान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं, तो अन्य जिलों के स्कूलों के स्कूल स्थान शामिल नहीं किये जायेंगे। स्कूल नेटिंग व्यवस्था अभी तक अपनाये गये सिद्धांत और SSPA कमेटी के परामर्श पर आधारित होते हैं। यह ये सुनिश्चित करने के लिए है कि प्रत्येक स्कूल नेट के लिए पर्याप्त स्कूल स्थानों की आपूर्ति प्रदान की जाये (जब कभी भी स्कूल स्थानों की कमी होती है तो आसपास के अन्य जिलों से अतिरिक्त स्थानों को नेट इन करके कमी को पूरा किया जाता है), साथ ही साथ स्कूल नेट में माता-पिता की पसंद को बढ़ाया जाये।

**<u>गैर-चीनी भाषी छात्र</u>**

**(33) प्र SSPA व्यवस्था के अंतर्गत गैर-चीनी भाषी (NCS) छात्रों के लिए आवंटन की क्या व्यवस्था है?**

उ सभी पात्र छात्र, चाहे किसी भी जाति या जन्म स्थान के हों, SSPA व्यवस्था के अंतर्गत सार्वजानिक स्कूलों में प्रवेश के लिए समान अवसर का लाभ लेते हैं, जो निष्पक्ष और पारदर्शी है। अन्य शब्दों में, सभी पात्र छात्रों (NC छात्रों को मिलाकर) को उसी प्रक्रिया के अनुसार एक S1 स्थान आवंटित किया जायेगा। वे DP चरण में किसी भी दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों में आवेदन कर सकते हैं। CA चरण में चुनने के लिए, वे किसी भी स्कूल नेट से अधिकतम 3 सेकेंडरी स्कूल भाग A में भी चुन सकते है और अधिकतम30 सेकेंडरी स्कूल अपने स्वयं के स्कूल नेट से भाग B में अपनी पसंद के अनुसार चुन सकते है।

**(34) प्र वर्तमान आवंटन व्यवस्था के अन्तर्गत, NCS के छात्रों को स्कूल का चयन कैसे करना चाहिए?**

उ माता-पिता (NCS छात्रों के माता-पिता सहित) को स्कूल के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए, जैसे इसके शैक्षिक दर्शन, संस्कृति, धर्म, वर्ग संरचना, विकास और संचालन, ताकि यह निर्णय लिया जा सके कि यह उपयुक्त स्कूल विकल्प चयन उनके बच्चों की विशेषताओं, व्यक्तित्व, क्षमताओं और रुचियों को पूरा कर सकता है या नहीं। माता-पिता अपने बच्चों के प्राथमिक विद्यालयों से सलाह ले सकते हैं और अधिक विवरण के लिए स्कूल के होमपेज पर जा सकते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के स्कूलों को चुनने में NCS छात्रों के माता-पिता की सहायता के लिए, प्रवेश संबंधी जानकारी विभिन्न जातियों की प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध है। इसके अलावा, NCS छात्रों के माता-पिता के लिये प्रति वर्ष निर्देशों के समर्पित सत्र, साथ-साथ अनुवाद सहित आयोजित होते हैं।

NCS छात्रों के माता-पिता को अपने बच्चों के लिये स्कूल के चयन में मदद करने के लिये, होम-स्कूल को-ऑपरेशन ने NCS छात्रों के माता-पिता को प्रासंगिक स्कूल जानकारी सुगम करवाने के लिये सेकेंडरी स्कूल प्रारूप का अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित किया है। NCS छात्रों को प्रवेश देने वाले और स्थानीय पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित सभी माध्यमिक विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालय प्रोफाइल में NCS छात्रों की चीनी भाषा सीखने को बढ़ाने और स्कूलों में एक समावेशी शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त सहायता उपायों का विवरण देना आवश्यक है।

**(35) प्र NCS छात्रों को शिक्षा विभाग (EDB) द्वारा उनके चीनी भाषा सीखने को सुगम बनाने के लिए कौन से समर्थन उपाय किये हैं?**

उ सरकार सभी NCS छात्रों के, समुदाय में सन्निवेश को प्रोत्साहित करने और सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उनके स्थानीय शिक्षा के प्रारम्भिक अनुकूलन को सुगम बनाना और चीनी भाषा में मुहारत प्राप्त करना शामिल है। EDB NCS छात्रों को पाठ्यक्रम विकास, शिक्षण और शिक्षण संसाधन, शिक्षक प्रशिक्षण, पेशेवर सहायता, अतिरिक्त फंडिंग, कई रास्ते, माता-पिता की शिक्षा और माता-पिता के लिए समर्थन सहित विविध रणनीतियों के माध्यम से पूर्व-प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक सर्वव्यापी शिक्षण सहायता प्रदान कर रहा है ताकि NCS छात्रों को चीनी भाषा में महारत हासिल करने और समुदाय में एकीकृत होने में मदद मिल पाए।

उपरोक्त के अलावा, 2023 नीति संबोधन में NCS छात्रों के समुदाय में एकीकरण के लिए चीनी भाषा में मुहारत हासिल करने में सहायता के लिए विभिन्न उपायों को निर्धारित किया गया है, जिसमें में NCS छात्रों के लिए ऑनलाइन चीनी भाषा स्व-शिक्षण संसाधनों के तहत विविध शिक्षण सामग्री और निम्न प्राथमिक NCS छात्रों के लिए अनुकूलित शिक्षण सामग्री के साथ स्कूल के बाद चीनी भाषा पाठ्यक्रम, संपूर्ण प्राधमिक स्तर को कवर करने के लिए समर ब्रिजिंग कार्यक्रम और स्कूल-आधारित जीवन नियोजन सहायता सेवाओं को बढ़ाना शामिल है, जो सभी निर्धारित समय पर पूरे हो गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के 2024 नीति संबोधन में NCS छात्रों के लिए चीनी सीखने के समर्थन और माता-पिता की सहायता को मजबूत करने की घोषणा की गई, जिसमें स्कूल के बाद चीनी भाषा के पाठ्यक्रम और ऑनलाइन स्व-शिक्षण संसाधनों के साथ-साथ क्रॉस-स्कूल शिक्षक सीखने के समुदायों आदि को शामिल किया गया है। EDB अधिक विविध अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम भी प्रदान करना जारी रखेगा जो NCS अभिभावकों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इसके अलावा, EDB ने नवंबर 2024 में NCS छात्रों के अभिभावकों के लिए एक अभिभावक शिक्षा संसाधन पुस्तिका शुरू की है, ताकि उन्हें अपने बच्चों की चीनी भाषा में मुहारत हासिल करने और संपूर्ण-व्यक्ति विकास में सहायता मिल सके।

समर्थन उपायों की जानकारी के लिए, कृपया EDB वेबपेज देखें।

स्कूल स्थान आवंटन अनुभाग
शिक्षा ब्यूरो
अप्रैल 2025